2020

HINDI — HONOURS

Paper : CC-12

(Hindi Nibandh Evam Anya Gadya-Vidhaen)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) 'मेरे दिन थोड़े हैं, तुम मेरे जीते जी स्वराज प्राप्त करो'—यह कथन किसका है और कहाँ से लिया गया है?

(ख) शिवपूजन सहाय की किन्हीं दो रचनाओं के नाम बताइए।

(ग) डॉ० नगेन्द्र के दो निबंध संग्रहों के नाम बताइए।

(घ) 'रजिया' किस विधा की रचना है और वह किस व्यवसाय से जुड़ी हुई थी?

(ङ) 'बंधु तुम्हारी देह स्वयं ही काव्य है'—यह वाक्य किस निबंध से लिया गया है तथा किसको सम्बोधित है?

(च) डॉ० विद्या निवास मिश्र के किन्हीं दो निबंध संग्रहों का नाम बताइए।

(छ) रामचन्द्र शुक्ल के किन्हीं दो निबंध संग्रहों के नाम बताइए।

(ज) कालिदास और तंडु ऋषि का उल्लेख किस निबंध में है? निबंधकार का नाम बताइए।

(झ) 'जब बच्चे को संबंध ज्ञान कुछ-कुछ होने लगता है तभी दुख के उस भेद की नींव पड़ जाती है'—यह पंक्ति किस निबंध से ली गई है। निबंधकार का नाम बताइए।

(ञ) मोरे राम के ....
लछिमन के ....
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

2. किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

(क) 'देवदास' निबन्ध का साहित्यिक मूल्यांकन कीजिए।

(ख) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'प्रोफेसर शशांक' की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(घ) 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' नामक निबंध में 'बुढ़वा मंगल' महोत्सव की चर्चा किस रूप में की गई है?

(ङ) रजिया की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

Please Turn Over

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) 'करूणा' निबंध के माध्यम से शुक्ल जी के विचारों पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'देवदारू' एक उच्चकोटि का आत्मपरक ललित निबंध है— इसकी समीक्षा करते हुए इसमें व्यक्त लेखक के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' निबंध के आधार पर विद्यानिवास मिश्र के निबंध की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(घ) संस्मरण क्या है? संस्मरण की विशेषताओं के आधार पर 'ये हैं प्रोफेसर शशांक' का मूल्यांकन कीजिए।

(ङ) रेखाचित्र और संस्मरण के अन्तर को बतलाते हुए 'रजिया' निबंध की साहित्यिक समीक्षा कीजिए।

———————